# चोरी के शक में चली गोली, एक की मौत, दूसरा घायल

## लापता भैंसों को ढूंढने एमपी के सिंगोली पहुंच गए दो युवक

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के बिजोलिया क्षेत्र के दो युवकों को मध्यप्रदेश के सिंगोली में चोरी के शक में गोली मार दी गई, एक ही गोली दो लोगों को लगने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जो वहां से भागकर भीलवाड़ा आ गया। जिसे गंभीर हालत में महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

मध्यप्रदेश के सिंगोली थाने के हेड कांस्टेबल सुरेश कटारिया ने बताया कि थाना क्षेत्र के बड़वता जंगल में मंगलवार को एक युवक के गोली लगने से मौत होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त बिजौलिया थाना क्षेत्र के चीताबडा गांव में रहने वाले कैलाश पुत्र रामूडा कंजर के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि मृतक कैलाश के साथ बाइक पर इसी गांव का राहुल कंजर नाम का युवक भी



गोली लगने के बाद घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया।

था। वो भी गोली लगने से घायल हो गया था। जो अभी बिजोलिया पुलिस की देखरेख में महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती है।

सिगोली पुलिस की ओर से बुधवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम करवाया जाकर शव परिजनो को सौप दिया गया। इधर, महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती राहुल ने पुलिस को बताया कि उनकी भैंस खो गई थी। उसे ढूंढने कि लिए वह गांव से 11 किलोमीटर दूर सिंगोली थाना इलाके के गोविंदपुरा जंगल में ढूंढने के लिए गए थे। यहां बड़ावता के जंगल में रास्ते में जा रहे एक पशुपालक ने उन पर गोली चला दी। गोली पहले कैलाश को लगी। उसका शरीर चीर कर गोली राहुल के छाती में लगी। जिससे कैलाश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, राहुल बाइक लेकर वहां से भाग छूटा और भीलवाडा अस्पताल में आकर भर्ती हो गया।

मध्यप्रदेश पुलिस इस पुरे मामले को चोरी की घटना मान रही है। पुलिस का कहना है कि घायल द्वारा घटना दोपहर 12 बजे के आस पास की बताई जा रही है। पुलिस को अंदेशा है कि दोनों युवक गोविंदपुरा इलाके में पशुओं की चोरी करने के लिए आए होंगे। इस क्षेत्र के जंगलों में पशुओं को चोरी करने की पहले भी कई बार घटनाएं हो चुकी है। इन युवकों ने या तो चोरी का प्रयास किया होगा या उन पर चोरी का शक हुआ होगा। पुलिस को यह भी संदेह है कि कोई भी व्यक्ति संदेह में सीधे ही गोली नहीं चला सकता। पुलिस फिलहाल इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# वेन की टक्कर से पलटा स्कूली बच्चों से भरा ऑटो, एक बच्चे की मौत

## गुलाबपुरा थाना क्षेत्र के मांइस चौराहे के पास हुआ हादसा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के गुलाबपुरा थाना क्षेत्र के मांइस चौराहे के पास बुधवार सुबह ऑटो पलटने से एक स्कूली बच्चे की मौत हो गई, जबकि 6 बच्चे घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने बच्चों को तुरंत अस्पताल पहुंचा। गुलाबपुरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने छात्र के शव का पीएम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू की है।

■ हादसे में छह बच्चे घायल हो गए

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह आगुचा स्कूल के बच्चे एक प्राइवेट ऑटों में सवार होकर गुलाबपुरा आ रहे थे। इस दौरान माइंस चौराहे पर सीआईएफएस कॉलोनी के पास सामने से आ रही वेन ने ऑटो को टक्कर मार दी। इससे ऑटो पलट गया। हादसे में देवराज पुत्र सावरमल गुर्जर उम्र 11 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वैन में सवार साक्षी पुत्री पृथ्वीराज मेवाड़ा, राजवीर पुत्र गोविंद गुर्जर सहित 6 बच्चे घायल हो गए। इनमें से एक बच्चे का हाथ भी



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त अवस्था में ऑटो रोड पर पड़ा रहा।

फ्रैक्चर हो गया। जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने लापरवाह वेन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। छात्र के शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# 6.32 लाख की नकदी से भरा एटीएम उखाड़ ले गए बदमाश

**भीम,** (निसं)। ब्यावर भीलवाड़ा मार्ग पर गत रात्रि के समय उपखंड के बार थाना क्षेत्र के पीपली का बाड़िया स्थित पंजाब नेशनल बैंक के 6.32 लाख नकदी भरे एटीएम को अज्ञात बदमाश उखाड़ ले गए।

■ ब्यावर भीलवाड़ा मार्ग पर नवस्थापित बार थाना क्षेत्र के पीपली का बाड़िया की घटना

बदमाशों ने बार के पिपली का बाडिया में लगे पीएनबी बैंक के एटीएम को निशाना बनाया। बदमाश बोलेरा कार से आए और 6 लाख 32 हजार से भरा एटीएम लूटकर कार में साथ ले गए। एटीएम लूटने की घटना के दौरान आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए। उन्होंने बदमाशों को रोकने के लिए उन पर पत्थर भी फेंके, लेकिन बदमाश एटीएम लूटकर फरार हो गए। बार थानाधिकारी दलपतसिंह ने बताया कि बुधवार तड़के करीब 3.30 बजे 4-5 बदमाश बोलेरो से आए और पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को उखाड़ दिया। एटीएम मशीन बैंक के नीचे दुकान में लगी थी। एटीएम पर कोई गार्ड नहीं था। एटीएम में 6 लाख 32 हजार 300 रुपए रखे थे। एटीएम उखाड़ने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की नींद खुल गई। उन्होंने बाहर जाकर देखा तो बदमाश एटीएम को बोलेरो कार में भर रहे थे। इस पर लोगों ने उनको भगाने के लिए पत्थर भी फेंके, लेकिन बदमाश एटीएम लूटकर भाग गए।

इस दौरान लोगों ने पुलिस को एटीएम लूटने की सूचना दी। घटना के आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक बदमाश फरार हो गए। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए राजसमंद सहित भीलवाड़ा और अजमेर जिले में नाकाबंदी करवाई। थानाधिकारी दलपतसिंह ने बताया बैंक कर्मी आने के बाद ही सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य जानकारी के आधार पर अनुसंधान किया जा रहा है। बदमाशों ने शटर और दरवाजा भी तोड़ दिया। शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने रिपोर्ट दी है कि एटीएम में 6,32,300 नकदी थी । जिसे अज्ञात बदमाश उठा ले गये।

# नशे की तस्करी करते ट्रक ड्राइवर को पकड़ा

**हनुमानगढ़,** (निसं)। पलू थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि नशीले पदार्थों की तस्करी की सूचना पर नाकाबंदी की। इस दौरान जयपुर से आ रहे ट्रक को रूकवाया गया। पुलिस को देखकर तस्कर भागने लगा लेकिन पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया। ट्रक की तलाशी में 65 कट्टों में 13 क्विटल डोडा पोस्त छिलका मिला। तिरपाल के नीचे कपड़े के थैले में रखी चार सफेद प्लास्टिक थैलियों से 4 किलो 400 ग्राम अफीम बरामद की गई। इस पर तस्कर मुखत्यारसिंह उर्फ मुखा (62) पुत्र बलबीर सिंह उप्पल निवासी पंजाब को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी भीलवाड़ा से नशे की खेप लाया था और पंजाब सप्लाई करने वाला था।

मादक पदार्थों की तस्करी में लगे ट्रक में थर्मोप्लास्ट और अन्य वैरायटी के पेंट भी लदे हुए थे। ट्रक ड्राइवर के पास इनकी बिल्टी थी और इसे दिखाकर वह पूरा प्रदेश क्रॉस कर गया। ड्राइवर को खुद पर इतना भरोसा था कि मादक पदार्थों के कट्टे छिपाने की कोशिश भी नहीं की। पेंट के डिब्बों के ऊपर डालकर तिरपाल से ढक दिया और भीलवाड़ा से निकल गया। सूत्रों को अनुसार जिस व्यक्ति ने भीलवाड़ा में मादक पदार्थ लदवाए थे वहीं बठिंडा में आकर डिलीवरी लेने वाला था। ऐसे में अंदेशा है कि सप्लायर किसी अन्य वाहन से भीलवाड़ा के लिए रवाना हुआ। अब पुलिस उसकी धरपकड़ का प्रयास कर रही है। मामले की जांच नोहर थाना प्रभारी रविंद्र नरूका को सौंपी गई है।

# समाजसेवी भुवनेश गुप्ता ने 103वीं बार रक्तदान किया

**कोटा,** (निसं)। शहर अब रक्तदान का गढ़ सा बन गया है। अब आमतौर पर लगभग हर कार्यक्रम को रक्तदान से जोड़कर पूर्ण करने की परंपरा विकसित होती जा रही है। वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिन व अपने दिवंगत की पुण्यतिथि पर तो रक्तदान अब काफी होने लगा है और जागरूकता के चलते यदा-कदा शादी, सगाई समारोह में भी रक्तदान शिविर कर लोगों ने नवाचार किये हैं।

इस क्षेत्र में गत 27 वर्षों से निर्बाध व निरन्तर सेवाकार्यों कर रहे लायंस क्लब कोटा टेक्नो के डायरेक्टर व टीम जीवनदाता के संस्थापक भुवनेश गुप्ता ने जागरूकता व भ्रांति उन्मूलन में काफी अग्रणी कार्य किया है। साथ ही

■ ग्यारह रक्तमित्रों के साथ रक्तदान कर अब तक कुल गुप्ता ने 157 बार डोनेशन किया

उन्होंने भी अपने जीवन में नियमित रक्तदान की परंपरा को जीवित रखा है। मंगलवार को गुप्ता ने 103वीं बार रक्तदान कर प्रेरणा की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की है। बी पॉजिटिव ग्रुप के गुप्ता ने 54 बार एसडीपी सिंगल डोनर प्लेटलेट्स, भी दे चुके हैं। रक्तदान व एसडीपी को जोड़कर गुप्ता कुल 157 बार डोनेशन कर चुके हैं, जिससे नवपीढ़ी में इस रक्त संस्कार को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली है।

इस सेवाकार्यों से सन् 1994 से जुड़े गुप्ता अपने जीवन मे 5 लाख से भी अधिक लोगों की मदद कर चुके हैं और लगभग पचास हजार से अधिक लोगों को रक्तदान करवा चुके है। टीम जीवनदाता के नाम से रक्तक्रान्ति में सहभागी बने गुप्ता ने इस बार रक्तदान अपने ग्यारह रक्तमित्रों के साथ किया। नितिन मेहता, मोहित दाधीच, अंकित पोरवाल, अजय उपाध्याय, नरेंद्र, पुलकित सिंघल, आशीष, हरिओम, आर्यन व अनुपम शामिल थे।

# मांगों को लेकर बीएसएनएल अधिकारियों का काले बैज पहनकर विरोध-प्रदर्शन किया

**बीकानेर,** (कासं)। बीएसएनएल अधिकारियों के संयुक्त मंच के राष्ट्रीय आव्हान के तहत विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को बीकानेर में भी पब्लिक पार्क स्थित महाप्रबन्धक, बीकानेर व्यवसाय क्षेत्र कार्यालय के गेट पर भोजनावकाश में काले बैज पहनकर विरोध- प्रदर्शन कर सभा का आयोजन किया गया।

बीएसएनएल बीकानेर के अधिकारी संयुक्त मोर्चे के जिला प्रवक्ता ताहिर हुसैन ने बताया कि यह प्रदर्शन मांगों के निराकरण को लेकर किया गया। जिला प्रवक्ता ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान कोविड-19 की गाइडलाइन की पालना करते हुए एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने एक स्वर में बीएसएनएल के प्रति सरकार की नकारात्मक सोच की भर्त्सना की गई तथा एकजुट होकर संघर्ष करने का आव्हान किया गया।

इस अवसर पर एसएनईए के जिला अध्यक्ष भूपेश खत्री, जिला संयुक्त सचिव योगेश माथुर, एआईजीईटीओए के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र चिनिया,



बीएसएनएल अधिकारियों ने मांगों को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया।

राकेश पायल, सेवा के जिला सचिव मनोज चौहान, संयुक्त मोर्चे के जिला प्रवक्ता ताहिर हुसैन, इन्द्र सिंह, विनोद स्वामी, विकास शर्मा, अजय बलोनी, दिनेश व्यास, विरेन्द्र गोठवाल, गिरीराज व्यास, घनश्याम गहलोत, राहुल चौहान, दृष्यंत भटनागर, चित्रा स्वामी, पल्लवी परिहार समेत कई अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर अधिकारियों ने केन्द्र सरकार मुर्दाबाद, संचार मंत्री मुर्दाबाद, बीएसएनएल प्रबन्धक बोर्ड मुर्दाबाद के नारे लगाकर रोष जताया।

मांगों में आज तक के सभी पात्र बीएसएनएल अधिकारियों को बिना किसी और देरी के तुरंत पदोन्नत किया जाना चाहिए। बीएसएनएल बोर्ड द्वारा 28 मई 2018 को अनुमोदित नीति के अनुसार एजीएम समकक्ष ग्रेड तक की समयबद्ध कार्यात्मक पदोन्नति नीति, अर्थात बीएसएनएल कार्यकारी पदोन्नति नीति संशोधन और भर्ती नियम-2017 एक जुलाई 2018 से प्रभावी तुरंत लागू किया जाए। पुनर्गठन आदेश 17 व 23 नवम्बर 2021 और उसके बाद के आदेशों को तुरंत वापस ले लिया जाना चाहिए। एक मानव संसाधन योजना के लिए हितधारकों के साथ तत्काल चर्चा शुरू होनी चाहिए जो संगठन की जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए। विभिन्न ग्रेड में अधिकारियों के पदों की संख्या में भारी कमी को तुरंत समाप्त किया जाना चाहिए और संघों के इनपुट पर दृढ़ता से विचार किया जाना चाहिए।

एसडीई समकक्ष संवर्ग में प्रोन्नति के लिए जेटीओ,जेएओ समकक्ष संवर्ग में 12 वर्षों के ठहराव मानदंड को वापस लिया जाना चाहिए। इसे पूर्व अनुमोदित समयबद्ध पदोन्नति नीति के अनुरूप बनाने के लिए फिर से विचार किया जाना चाहिए। ई 1 और ई 2 के मध्यवर्ती वेतनमानों को प्रतिस्थापित करते हुए डीओटी द्वारा ई 2 और ई 3 के मानक वेतनमानों को अनुमोदित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

प्रबंधन प्रशिक्षु भर्ती और डीआर डीजीएम भर्ती को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाना चाहिए। संगठन में जेटीओ एवं जेएओ समकक्ष से ऊपर के किसी भी स्तर पर कोई पार्श्व भर्ती नहीं की जानी चाहिए। संगठन के मेधावी और प्रतिभाशाली अधिकारियों के लिए आंतरिक फास्ट-ट्रैक पदोन्नति नीति पेश की जानी चाहिए। सभी तदर्थ उप महाप्रबंधक को नियमित उप महाप्रबंधक बनाया जाना चाहिए। इसके बाद, सभी डीजीएम पदों को सेवा में एकमुश्त छूट द्वारा नियमित आधार पर भरा जाना चाहिए।

# बाइक स्लीप होने से युवक की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)।जिले के बिछीवाडा थानान्तर्त बरसात के कारण बुधवार सुबह बाइक स्लीप होने से युवक का सिर फट गया। जिससे वह बाइक सहित करीब 5० फीट दूर जाकर गिरा। तथा अत्यधिक रक्तस्राव से युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची और मृतक के जेब से मिले मोबाईल के आधार पर परिजनो को घटनाक्रम से अवगत कराया। जिसके पहुंचने के पश्चात मृतक के शव का पोस्ट मार्टम करा परिजनो को सुपुर्द किया।

मृतक उदयपुर जिले के जाम्बुडा गांव का रहने वाला है तथा अहमदाबाद जाने के लिए मंगलवार रात ही घर से निकला था। पुलिस सूत्रो ने बताया कि राजेश 22 पुत्र हुरमा मीणा बाइक से अहमदाबाद मजदूरी करने जा रहा था। वह उदयपुर जिले के जाम्बुडा गांव का रहने वाला था। मंगलवार रात ही घर से निकला था। बिछीवाडा नेशनल हाइवे नम्बर-8 पर लेहणा घाटी में बुधवार सुबह बरसात के कारण बाइक स्लीप हो गई। 5० फीट दूर जाकर गिरे युवक का सिर फट गया और पैर टूट गए। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी।

# बाड़मेर में कृषि व घरेलू विद्युत चोरी पर करीब 5.23 लाख रुपए का जुर्माना

**बाड़मेर,** (निसं)। विद्युत तंत्र के साथ छेड़छाड़ कर विद्युत चोरी कर निगम को राजस्व का नुकसान पहुंचाने पर विद्युत चोरो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पिछले दो दिनों में दो अवैध ट्रांसफॉर्मर जब्त कर 12 जगहों पर विद्युत चोरी पकड़ी एवं संबंधित के खिलाफ करीब 5.23 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया।

जोधपुर डिस्कॉम बाड़मेर के अधीक्षण अभियंता अजय माथुर ने बताया कि मंगलवार को अधिशाषी अभियंता (पवस) जोधपुर डिस्कॉम, गुड़ामालानी भेराराम चौधरी सहित सहायक अभियंता सेडवा, हिमांशु वर्मा एवं विद्युत चोरी निरोधक थाना के साथ मिलकर रंगवाली गांव में गैर उपभोक्ता चैनाराम पुत्र खेराजराम जाट द्वारा खेत में स्थित 11 केवी लाईन में अंकुडिये लगाकर जमीन में खड्डा खोदकर अवैध ट्रांसफॉर्मर छुपाकर एवं उसके उपर झाडिया डालकर विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर अवैध ट्रांसफॉर्मर जब्त कर उसके खिलाफ 40268 रूपए का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार टीम द्वारा संत ज्ञानीराम आदर्श विद्या मंदिर साता में अवैध रूप से अंकुडिये लगाकर विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर उसके खिलाफ 17 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया।

इसी तरह साता गांव में ही कैलाशदान पुत्र मुरारदान द्वारा अंकुडिये लगाकर विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर 31 हजार रूपए का जुर्माना गया। वहीं बायतु में सहायक अभियंता (पवस) जोधपुर डिस्कॉम बायतु प्रदीप डाडवानी मय टीम ने सोमवार को गंगाराम पुत्र पूराराम जाट निवासी हेमोणियों की ढाणी बाटाडू द्वारा 11 केवी लाईन में अंकुडिये लगाकर अवैध मॉडिफाईड ट्रांसफॉर्मर के जरिए सिंगल फेज सप्लाई को थ्री फेज में परिवर्तित कर विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर सतर्कता जांच की कार्यवाही करते कर उनके खिलाफ 2.50 लाख रूपए जुर्माना लगाया गया।

# डीजल जैसे पदार्थ से भरा गोदाम पकड़ा

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। रसद विभाग की टीम ने सूरतगढ़ इलाके के गांव उदयपुर गोदारान में डीजल जैसे पदार्थ का एक गोदाम पकड़ा। गोदाम मालिक ने यहां ड्रमों में बड़ी मात्रा में डीजल जैसा पदार्थ भर रखा है। पुलिस इस गोदाम तक मुखबिर की सूचना के जरिए पहुंची और बाद में रसद विभाग को बुलाकर कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

पुलिस ने थर्मल टी प्वाइंट के पास एक टैंकर पकड़ा था। जांच में इस टैंकर के पास कोई व्यक्ति नहीं मिला। इस पर पुलिस ने इसकी सूचना डीएसओ राकेश सोनी को दी थी। सोनी ने इस टैंकर में से चार सैंपल लेने के बाद इसमें चार हजार लीटर डीजल जैसा पदार्थ होने की पुष्टि की थी। इस मामले में अभी सैंपल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

टैंकर मिलने के बाद पुलिस ने इस मामले में जांच की तो मुखबिर से इस टैंकर के उदयपुर गोदारान जाने और वहां खाली होने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस ने उदयपुर गोदारान का रुख किया और वहां मौके पर पहुंचकर डीजल जैसे पदार्थ से भरा गोदाम ही पकड़ लिया। यह टैंकर इसी गोदाम में लाया जा रहा था। पुलिस को मौके से

■ रसद विभाग व पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया

एक व्यक्ति मनोज कुमार मिला। उसने बताया कि वह यह पेट्रोल जैसा पदार्थ इस तरफ आने वाले ट्रक और अन्य वाहन चालकों को बेचता है। सस्ता होने के कारण वाहन चालक इसे खरीद लेते हैं तथा इससे उसे लाभ होता है।

मौके पर पुलिस टीम ने इस गोदाम पर ताला लगा दिया तथा मामले की सूचना रसद विभाग को दी। जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी और ईओ सुरेश कुमार मौके पर पहुंचे और इस गोदाम में मिले पेट्रोल जैसे पदार्थ को पास के ही एक पेट्रोलपंप की सुपुर्दगी में दे दिए गए। इस मामले में लैब की रिपोर्ट के बाद मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर गैराज में 12 प्लास्टिक की टंकियों और 13 ड्रमों मे 30560 लीटर पेट्रोल जैसा पदार्थ मिला। गोदाम मालिक के पास इससे संबंधित कोई लाइसेंस नहीं मिला है।

# बिजली लाइन की चपेट में आने से ठेका कर्मी की मौत

**करौली,** (नि.सं) विद्युत पोल लगाते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक ठेकाकर्मी की मौत हो गई। परिजनों ने विद्युत विभाग व ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाया है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। कैलादेवी थाना अधिकारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि सुगर सिंह पुत्र भगत 32 निवासी गढ़ ी मौसमाबाद सदर थाना हिण्डौन का निवासी है। वह विद्युत निगम ठेकेदार के साथ काम करता था। वह कैलादेवी जीएसएस पर विद्युत पोल लगाने का काम कर रहा।

इस दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। जीएसएस पर काम कर रहे ठेका कर्मी गंभीर अवस्था में उसे लेकर कैलादेवी चिकित्सालय पहुंचे, जहां से उसे करौली अस्पताल के लिये रैफर कर दिया। करौली में उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से गुस्साए परिजनों ने विद्युत निगम ठेकेदार और निगम कार्मिकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कैलादेवी थाने में शिकायत सौंपी है। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# चोरी एवं नकबजनी के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार

## भीम, दिवेर, चारभुजा, देवगढ सहित कई जगहों पर की चोरियां

**राजसमंद,** (निसं)। जिले के दिवेर थाना क्षेत्र के छापली स्थित एक मकान से गत दिनों सोने-चांदी के जवेर सहित नकदी चोरी करने के मामले में दिवेर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बताया गया कि पुलिस द्वारा चोरी एवं नकबजनी के आरोप में गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी भीम, दिवेर, चारभुजा, देवगढ आदि क्षेत्रों में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। दिवेर थानाधिकारी दिलीपसिंह ने बताया कि थानेटा भीम निवासी टीकमसिंह (21) पुत्र लक्ष्मणसिंह रावत, केशपुरा तीतरी भीम निवासी इन्द्रसिंह (32) पुत्र किशनसिंह रावत एवं ज्वैलर्स व्यापारी दिनेश कुमार (42) पुत्र बाबूलाल सोनी निवासी गोदाजी का गांव भीम हाल बरतू को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कामलीघाट में टावरों को लगाने का कार्य करने का बहाना बनाकर मकान किराये पर लेते थे और सुबह से शाम तक गांव-गांव घुमकर सुने पड़े मकानों की रैकी कर मकानों का चयन करते थे। इसके बाद रात को मौका पाकर



चोरी एवं नकबजी के आरोप में दिवेर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

चयनित मकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

थानाधिकारी ने बताया कि गत 11 नवम्बर को हुक्मसिंह पुत्र नाहरसिंह निवासी छापली नगातों की गुआर ने दिवेर थाने में अज्ञात बदमाशों द्वारा उसके मकान में चोरी किए जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें उसने बताया कि 11 नवम्बर को वो अपने परिवार के साथ उदयपुर गया हुआ था। अलगे दिन सुबह फिर से घर लौटा तो घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ था और बक्सा व अलमारी के ताले टूटे हुए पाए गए जिसमें रखे सोने चांदी के जेवर व नकदी गायब मिली। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन प्रारंभ कर दी। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर टीम का गठन किया गया। टीम ने संभावित जगहों पर दबिश देकर सम्पत्ति से सम्बधित आपराध में चालान शुदा आरोपियों से पूछताछ की गई। वहीं मुखबीरों व ग्राम रक्षों की सहायता से तीनों आरोपियों से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने भीम, देवगढ , दिवेर, चारभुजा आदि क्षेत्रों में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है जिसमें और भी कई खुलासा होने की संभावना है।

आरोपियों ने थाना दिवेर क्षेत्र के

■ टावरों को लगाने का काम करके मकान लेते किराया और रैकी कर करते थे चोरी

दराडा गांव में चार मकानों से चोरी, दिवेर गांव से एक स्कूटी की चोरी, छापली में सूने पड़े मकान का ताला तोड़ चोरी की। इसी प्रकार देवगढ थाना क्षेत्र में देवगढ कस्बे मे यश बैंक का एटीएम लूटने का प्रयास, पीपली नगर में 2 मकानों में चोरी, कामला गांव 2 मकानों में चोरी, भीम थाना क्षेत्र में तालाब के किनारे स्थित सूने मकान में चोरी, चारभुजा थाना क्षेत्र के जनावद गांव में आमने-सामने स्थित 2 मकानों में से सोना व चांदी के जेवर सहित एलईडी चोरी, लाम्बोडी से एक मोटरसाईकिल चोरी एवं अमरतीया में सुने मकान का ताला तोड़ चोरी की वारदात को अंजाम दिया।